भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1872

जिसका उत्तर 30.07.2026 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-69 के तुमकुर-शिवमोगा खंड को चार-लेन का बनाना

†1872. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कुल लंबाई, पैकेज-वार विभाजन, कार्यान्वयन के तरीके और इसकी स्वीकृत लागत सहित राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-69 (पुराना एनएच-206) के तुमकुर-शिवमोगा खंड के चार-लेन के चौड़ीकरण से संबंधित परियोजना का ब्यौरा क्या है;

(ख) परियोजना के कार्यान्वयन की पैकेज-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) परियोजना के लिए कितनी भूमि की आवश्यकता है और कार्यान्वयन एजेंसी को अधिग्रहित तथा सौंपी गई बाधा-मुक्त भूमि का पैकेज-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या परियोजना का कार्यान्वयन किसी कारक से बाधित हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-69 के तुमकुर-शिवमोगा खंड को 4 पैकेजों में 4 लेन निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विवरण अनुलग्नक में संलग्न है।

(घ) एवं (ङ) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं में विलंब के प्राथमिक कारण भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुद्दे/बाधाएं, वैधानिक मंजूरी प्राप्त करने में विलंब, जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण, अतिक्रमण हटाना, कानून व्यवस्था, निर्माण सामग्री/खनिजों की अनुपलब्धता, संविदाकार/रियायतग्राही का खराब कार्य निष्पादन और कोविड-19 महामारी जैसी अप्रत्याशित घटनाएं हैं।

परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तीव्रता लाने के लिए कई पहलें की गई हैं, जिनमें भूमि राशि पोर्टल के माध्यम से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के माध्यम से परिवेश पोर्टल को नया रूप देना ताकि वन एवं पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियों में तीव्रता लाई जा सके, रेलवे से सड़क उपरि पुलों (आरओबी) और सड़क अधोगामी पुलों (आरयूबी) के लिए सामान्य व्यवस्था आरेख (जीएडी) की ऑनलाइन स्वीकृति सक्षम करना और राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के साथ विभिन्न स्तरों पर समीक्षा बैठकें आयोजित करना शामिल है। सरकार परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने हेतु हर संभव प्रयास कर रही है।

'राष्ट्रीय राजमार्ग-69 के तुमकुर-शिवमोगा खंड को चार-लेन का बनाना' के संबंध में श्री बी. वाई. राघवेन्द्र द्वारा दिनांक 30 जुलाई, 2026 को पूछे गए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1872 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ में)**	**कुल लंबाई (किमी)**	**पूर्ण लंबाई (किलोमीटर में)**	**परियोजना के लिए अपेक्षित कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)**	**कब्ज़ा सौंपना (हेक्टेयर में)**	**वास्तविक प्रगति (%)**	**प्रारंभ तिथि**	**पूर्ण होने की निर्धारित संशोधित तिथि**
1	एचएएम के अंतर्गत एनएच-206 के मल्लासंद्रा से कराडी खंड का 4-लेन का निर्माण (पैकेज - I)	1364	52.89	50.56	296.49	296.4	100	15-10-2019	पूर्ण
2	एचएएम पर कराडी से बनवारा खंड का 4-लेन का निर्माण (पैकेज - II)	1505	56.70	53.19	350.75	350.71	99.98	15-10-2019	पर्याप्त रूप से पूर्ण
3	भारतमाला परियोजना के तहत एचएएम मोड पर कर्नाटक राज्य में एनएच-206 का बनवारा से बेत्ताडहल्ली खंड को 4-लेन का निर्माण (पैकेज - III)	1444	48.51	47.56	302.25	302.25	98	15-03-2021	पर्याप्त रूप से पूर्ण
4	एचएएम पर एनएच-206 के बेत्ताडहल्ली - शिवमोगा खंड का 4-लेन का निर्माण (पैकेज-IV)	2083	56.33	46.11	321.92	318.97	83.78	20-10-2021	31-03-2027

*****